महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज फिरोजाबाद

कार्यशाला- वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पोर्टल

दिनांक-24-02-2026 (सत्र-2025-2026)

महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज में केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पोर्टल के अंतर्गत दिनांक 24 फरवरी 2026 को एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसका विषय वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए अवसर है वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन की नोडल अधिकारी डॉ.ऋचा सिंह ने छात्राओं को बताया की पोर्टल के माध्यम से किस प्रकार छात्राएं और शोधकर्ता इस योजना का लाभ उठा सकते हैं छात्राएं इस पोर्टल के तहत उपलब्ध जर्नल्स का उपयोग अपने शोध और अध्ययन के लिए कर सकते हैं इस योजना के तहत, सरकार द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक ही पोर्टल पर 13,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स तक पहुंच प्रदान की जाएगी।.महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रियदर्शिनी उपाध्याय ने छात्राओं को बताया कि यह पोर्टल छात्राओं और शोधकर्ताओं को अपने शैक्षिक व शोध उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा जिससे वह अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हासिल कर सकेंगे और व्यापक पहुंच से शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे छात्रों और रिसर्चर्स को वैश्विक ज्ञान तक पहुंच मिलेगी। व्यापक पहुंच से शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा, जिससे छात्राओं को अपने शोध में नवीनतम जानकारी और तकनीकों का उपयोग करने में मदद मिलेगी कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शवनम ने किया एवं छात्राओं को बताया कि केंद्रीय क्षेत्र

योजना "वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन" (ONOS) का मुख्य उद्देश्य पूरे देश में छात्रों और रिसर्चर्स के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाना है। (ONOS) योजना से महाविद्यालय की छात्राओं को अपने शैक्षिक और शोध उद्देश्यों को पूरा करने में बहुत मदद मिलेगी। इस कार्यशाला में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंकिता ठाकुर,कीर्ति वर्मा व कीर्ति मिश्रा उपस्थित रही।



प्राचार्या	नोडल अधिकारी	सह- संयोजिका
प्रो. प्रियदर्शिनी उपाध्याय	डॉ. ऋचा सिंह	डॉ. शबनम

Principal
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad